दैनिक स्पोर्ट्स एज
डिजीटल एडिशन
खेल समाचार पत्र


**आज का सुविचार**

लिखना बोलना और लड़ना सबके बस की बात नहीं, क्योंकि सत्य और वैचारिक लड़ाई सिर्फ वही लड़ सकते हैं जिनका ज़मीर ज़िंदा हैं।





» वर्ष-03 » अंक-341 भोपाल, शनिवार 23 मार्च, 2024 » पृष्ठ-8 » मूल्य-2 रूपये


## पहले मुकाबले में चेन्नई की धमाकेदार जीत

# आरसीबी को छह विकेट से हराया

**चेन्नई। आईपीएल 2024 के पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हरा दिया। सीएसके ने इस टूर्नामेंट में जीत के साथ आगाज किया है। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट खोकर 173 रन बनाए। इसके जवाब में ऋतुराज गायकवाड़ के नेतृत्व वाली टीम ने आठ गेंदों के शेष रहते हुए छह विकेट से यह मैच जीत लिया।**



आरसीबी द्वारा दिए गए 174 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई ने दमदार शुरूआत की। ऋतुराज गायकवाड और रचिन रवींद्र के बीच पहले विकेट के लिए 38 रन की साझेदारी हुई जिसे यश दयाल ने तोड़ा। कप्तान इस मैच में 15 रन बनाने में कामयाब हुए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए अजिंक्य रहाणे उतरे। दूसरे विकेट के लिए रहाणे और रचिन रवींद्र के बीच 33 रन की पार्टनरशिप हुई। न्यूजीलैंड के स्टार खिलाड़ी तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 37 रन बनाने में कामयाब हुए। टीम को तीसरा झटका रहाणे के रूप में लगा जो 27 रन बना सके। वहीं, चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए डेरिल मिचेल दो छक्कों की मदद से 22 रन बनाने में कामयाब हुए। चेन्नई को जीत दिलाने में शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा ने अहम भूमिका निभाई। दोनों के बीच 37 गेंदों में 66 रन की नाबाद साझेदारी हुई। इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे दुबे ने चार चौकों और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाए। वहीं, स्टार ऑलराउंडर ने 17 गेंदों में 25 रन बनाए। इस मैच में दोनों बल्लेबाज नाबाद रहे। आरसीबी के लिए कैमरन ग्रीन ने दो विकेट लिए जबकि यश दयाल और कर्ण शर्मा को एक-एक सफलता मिली। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके को 174 रन का लक्ष्य दिया। टीम की शुरूआत इस मुकाबले में दमदार हुई थी। पहले विकेट के लिए विराट कोहली और फाफ डुप्लेसिस के बीच 41 रन की साझेदारी हुई। मुस्तफिजुर रहमान ने कप्तान को पांचवें औवर की तीसरी गेंद पर अपना शिकार बनाया। 39 वर्षीय बल्लेबाज आठ चौकों की मदद से 35 रन बनाने में कामयाब हुए। इसके बाद टीम को तीसरा झटका रजत पाटीदार के रूप में लगा जो बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। वह एक बार फिर फ्लॉप साबित हुए। हैरानी की बात यह है कि आरसीबी के दिग्गज बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल भी गोल्डन डक का शिकार हुए। उन्हें दीपक चाहर ने छठे ओवर की तीसरी गेंद पर अपना शिकार बनाया। चौथे विकेट के लिए विराट कोहली और कैमरन ग्रीन के बीच 35 गेंदों में 35 रन की पार्टनरशिप हुई। किंग कोहली को मुस्तफिजुर रहमान ने अपना शिकार बनाया। 12वें ओवर की चौथी गेंद पर बांग्लादेश के इस गेंदबाज ने कैमरन ग्रीन को बोल्ड किया। इस विकेट के बाद टीम को एक अच्छी साझेदारी की दरकार थी, 78 रन पर आरसीबी पांच विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी। तभी छठवें और सातवें नंबर पर उतरे अनुज रावत और दिनेश कार्तिक आरसीबी के लिए संकटमोचक साबित हुए। दोनों के बीच 95 रनों की साझेदारी हुई। अनुज रावत ने 25 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 48 रन बनाए। उन्हें सीएसके के पूर्व कप्तान और विकेटकीपर धोनी ने आखिरी ओवर की अंतिम गेंद पर रनआउट कर दिया। वहीं, दिनेश कार्तिक तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 38 रन बनाने में कामयाब हुए। वह इस मैच में नाबाद रहे। सीएसके के लिए मुस्तफिजुर रहमान काल साबित हुए। उन्होंने दो ओवर में चार विकेट चटकाए।

## आईपीएल का रंगारंग आगाज, सितारों की मौजूदगी में चंद्रयान-तीन की लैंडिंग बनी आकर्षण

**चेन्नई।** महेंद्र सिंह धोनी के दूसरे घर चेन्नई का एमए चिदंबरम स्टेडियम पीले रंग की जर्सियों से पटा जरूर था, लेकिन आईपीएल-17 के उद्घाटन समारोह ने इसमें हर तरह के रंग भर दिए। अक्षय कुमार का तिरंगा लेकर आसमान से उतरना हो या चंद्रयान-3 की लैंडिंग का रूपांतरण या फिर एआर रहमान का जय हो गीत, आईपीएल-17 के रंगारंग आगाज को दिलो-दिमाग में बिठा गया। तकरीबन 40 मिनट चले उद्घाटन समारोह में टाइगर श्रॉफ, नीति मोहन, सोनू निगम, मोहित चौहान ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं।





उद्घाटन समारोह का आगाज अक्षय कुमार के डांस से हुआ। आसमान से उतरने के बाद उन्होंने टाइगर श्रॉफ के साथ बाइक पर तिरंगा लेकर स्टेडियम का चक्कर भी लगाया। दोनों ने जय जय शिवशंकर, आज मूड है भयंकर, देसी बॉएज, हरे राम हरे राम, चुरा के दिल मेरा, बाला-बाला, सुनो गौर से दुनिया वालों जैसे गीतों पर डांस कर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। सोनू निगम ने इसके बाद वंदे मातरम गाया। एआर रहमान के मां तुझे सलाम ने स्टेडियम में समां बांध दिया। इसके बाद मोहित चौहान मसक्कली, मसक्कली गीत पर स्टेडियम को झूमने पर मजबूर कर दिया। नीति मोहन ने बरसो रे मेघा बरसो गाया, पूरे स्टेडियम ने इस पर जमकर तालियां बजाईं, लेकिन उद्घाटन समारोह का आकर्षण चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग का रूपांतरण रहा।

## विराट कोहली टी20 में 12 हजार रन पूरे करने वाले पहले भारतीय, क्रिस गेल का यह रिकॉर्ड तोड़ने से चूके



**चेन्नई।** आईपीएल 2024 का पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियंस चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेपॉक में खेला गया। इस मैच में आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इस मुकाबले में छह रन बनाते ही विराट ने इतिहास रच दिया। वह टी20 क्रिकेट में 12 हजार रन पूरे करने वाले भारत के पहले बल्लेबाजी बन गए। वहीं, सबसे तेज 12 हजार पूरे करने के मामले में वह दूसरे स्थान पर रहे। वह क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए।

विराट ने चेन्नई के खिलाफ छह रन बनाते ही टी20 क्रिकेट में 12 हजार पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाले भारत के पहले और दुनिया के छठे बल्लेबाज बने। उनसे पहले गेल, पाकिस्तान के शोएब मलिक, वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड, इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स, ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर ऐसा कर चुके हैं। वहीं, विराट ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए दूसरी सबसे कम पारियां ली हैं। उन्होंने 360 पारियों में ऐसा किया है। वहीं, गेल इस मामले में नंबर एक हैं। गेल ने 345 पारियों में ही टी20 क्रिकेट में 12 हजार रन पूरे कर लिए थे।

इसके अलावा 15 रन बनाते ही विराट ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हजार रन भी पूरे कर लिए। वह इन दो टीमों के बीच सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में विराट शीर्ष पर हैं। आईपीएल में किसी एक टीम के खिलाफ हजार से ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट छठे नंबर पर हैं। वॉर्नर ने पंजाब और कोलकाता के खिलाफ हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। वहीं, शिखर धवन ने चेन्नई और रोहित ने कोलकाता के खिलाफ हजार से ज्यादा रन बनाए हैं।

# दिल्ली खेल समाचार

### डीडीसीए लीग : परिणाम एक नजर में

# यजस आर शर्मा के शनदार खेल से पायनियर क्रिकेट क्लब की शानदार जीत



**स्पोर्ट्स एज**

यजस आर शर्मा के हरफनमौला खेल 119 रन 63 बॉल 12 /4 8/6 3/48 हर्षित शौकीन 59 कारन गर्ग 42 प्रियांशु 44 के शानदार खेल की बदौलत पायनियर क्रिकेट क्लब 293 /10 ने एसेक्स फार्म क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए डीडीसीए लीग में अजमल खान क्रिकेट क्लब 263 /8 को 30 रनो से हराकर शानदार जीत दर्ज की। अजमल खान क्रिकेट क्लब टीम की और से संदीप मोर 90 अमन त्यागी 70 और रुद्राक्ष भंडारी 3/51 नितेश कुमार 3/48 का शानदार खेल रहा।

## अनंत सिंह और पार्थ कुमार बाली के खेल से आरपी अकादमी की शानदार जीत

अनंत सिंह 75, पार्थ कुमार बाली 75, अनीश 45 नॉटआउट, योगेश सिंह 3/29, पियूष छिकारा 2/35 के शानदार खेल की बदौलत आरपी क्रिकेट अकादमी 218 /5 ने डीडीसीए लीग में एन के खन्ना क्लब 217 /10 39 ओवर को 5 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। एन के खन्ना क्लब टीम की और से धुर्व सिंह ने शानदार 77 रनो की पारी खेली।

## आयुष पात्रा और जतिन सिंह डीडीसीए लीग में चमके

आयुष पात्रा की घातक गेंदबाजी 3/19 जतिन सिंह 3/22 आकाश 76 नॉट आउट रिशुल कुमार 36 नॉट आउट के शानदार खेल की बदौलत दिल्ली जिमखाना 136 /3 ने छत्तर सिंह क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए डीडीसीए लीग में एस बी युथ क्लब 133 /10 को 7 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। एस बी युथ क्लब टीम की और से हर्षित बिष्ट ने 31 रनो की पारी खेली।

## वंश आनंद के शदर खेल से श्री स्टार क्लब की शानदार जीत

वंश आनंद 93 रन, आर्यन गोदियाल 43, देव 3/26, ओम यादव 2/15 के शानदार खेल की बदौलत श्री स्टार क्लब 255 /5 ने डीडीसीए लीग में सरोजनी नगर टीम 169 /10 को 86 रनो से हराकर शानदर जीत दर्ज की। सरोजनी नगर टीम की और से दक्ष 47 का खेल शानदार रहा।

## अभिराज गगन सिंह के खेल से चाँद खन्ना क्लब की डीडीसीए लीग में शानदार जीत



अभिराज गगन सिंह के शानदार खेल 56 रन, पार्थ वढेरा 49 रन, हर्ष गुप्ता 40 रन, नमन वसन 44 रन के शानदार खेल की बदौलत चाँद खन्ना क्लब 247 /9 ने डीडीसीए लीग में यंग दिल्ली क्लब 243 /9 को 1 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। यंग दिल्ली क्लब टीम की और से अरविन्द 59 रन और 3/28 आंशिक पांडेय 52 का खेल शानदार रहा।

### 9th राजपति मिश्रा क्रिकेट टूर्नामेंट

# रोहतक रोड जीमखाना ने यंग फ्रेंडस क्लब को 10 विकेट से हराया

**स्पोर्ट्स एज**

9वें राजपति मिश्रा क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में रोहतक रोड जीमखाना ने यंग फ्रेंडस क्रिकेट क्लब पर 10 विकेट से आसान जीत हासिल की। यंग फ्रेंडस क्लब की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 34.2 ओवर मात्र रनों पर सिमट गई। यश चैहान ने 34 व सिद्धार्थ ने 26 रनों की पारी खेली। नैतिक माथुर ने 3 व प्रतीक ने 2 विकेट लिए।

जीत के लिए 139 रनों का आसान लक्ष्य रोहतक रोड जीमखाना ने मात्र 10.2 ओवर में बिना विकेट खोकर हासिल कर लिया। दिल्ली रणजी खिलाड़ी सुमित माथुर ने नाबाद 79 व अंकुश बैंश ने नाबाद 45 रनों की पारी खेली। सुमित माथुर को शानदार बल्लेबाजी के लिए स्पोर्टस सन मैन आफ द मैच चुना गया।




### संक्षिप्त स्कोर

**यंग फ्रेंडस क्रिकेट क्लबः** 10/139 ओवर 34.2, यश चैहान 34, सिद्धार्थ 26, नैतिक माथुर 3/39, प्रतीक 2/14

**रोहतक रोड जीमखानाः** 0/143 ओवर 10.2, सुमति माथुन नाबाद 79, अंकुश बैंस नाबाद 45।

# श्रीकांत और प्रियांश क्वार्टर फाइनल में, सिंधू और लक्ष्य ने किया निराश, हार के साथ बाहर

**बासेल ( स्विट्जरलैंड )।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को जापान की 17 साल की जूनियर विश्व चैंपियन तामोका मियाजाकी से यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन में हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा लक्ष्य सेन को ताइवान के ली चिया हाओ के हाथों प्री क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। किदांबी श्रीकांत, प्रियांश राजावत और किरण जॉर्ज ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर में बाहर होने वालीं पीवी सिंधु को तामोका से 21-16, 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। लक्ष्य को ली चिया हाओ ने प्री क्वार्टर में 21-17, 21-15 से हराया। प्री क्वार्टर में श्रीकांत ने शीर्ष वरीय मलयेशिया के ली जिया को 21-16, 21-15 से पराजित किया। राजावत ने चीन के ली ला शी को 21-14, 21-13 से हराया। हालांकि जॉर्ज के लिए मुकाबला आसान नहीं रहा। उन्हें 71 मिनट के मुकाबले में 18-21, 22-20, 21-18 से हार का सामना करना पड़ा। श्रीकांत का मुकाबला क्वार्टर फाइनल में ली चिया हाओ जबकि राजावत का सामना ताइवान के चोऊ टिन चेन से होगा। किरन के सामने डेनमार्क के रैसमस जेमके होंगे। चोट से उबरने के बाद लंबे समय बाद वापसी कर रहीं सिंधु को अपनी युवा प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ा लेकिन वह अपनी हार नहीं टाल सकीं। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2022 में स्वर्ण पदक जीतने वालीं मियाजाकी ने पिछले हफ्ते फ्रांस में ओरलैंस मास्टर्स का खिताब जीता था।





# पेरिस ओलंपिक में शरत कमल होंगे भारत के ध्वजवाहक

### दल की अगुवाई करेंगी मुक्केबाज मैरीकॉम



**नई दिल्ली।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन शरत कमल इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक में भारत के ध्वजवाहक होंगे। वहीं, दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम को बृहस्पतिवार को देश के दल का प्रमुख (शेफ डी मिशन) नियुक्त किया। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने यह घोषणा करते हुए कहा कि यह 41 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करते समय हमारे दल की एकता और भावना का प्रतीक है।

छह बार की विश्व चैंपियन और 2012 लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम के साथ शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले शिवा केशवन को भारतीय दल का उप प्रमुख नियुक्त किया गया। आईओए ने कहा, 'मैरीकॉम का खेलों के प्रति समर्पण और प्रेरणादायी यात्रा ओलंपिक में हमारे खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने के लिए स्वाभाविक पसंद बनाती है। केशवन के पास अपार अनुभव तथा टीम प्रबंधन के साथ काम करने के ज्ञान है।'

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग निशानेबाजी रेंज में भारतीय टीम का संचालन करेंगे। ओलंपिक में निशानेबाजी रेंज मुख्य स्थल से काफी दूर है। भारत पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी में अपनी सबसे बड़ी टीम भेजेगा क्योंकि देश अभी तक 19 कोटा स्थान हासिल कर चुका है। आईओए ने बयान में कहा, 'ये नियुक्तियां अनुभव, विशेषज्ञता और नेतृत्व कौशल को देखकर की गई हैं जो वैश्विक मंच पर हमारे खिलाड़ियों की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देगी।'

आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा ने इन नियुक्तियों के संबंध में कहा, 'हम पेरिस ओलंपिक खेलों में हमारे दल का नेतृत्व करने के लिए अधिकारियों की इतनी प्रतिष्ठित और क्षमतावान टीम पाकर बहुत खुश हैं। खेलों में उनकी विशेषज्ञता, समर्पण और जुनून निश्चित तौर पर हमारे खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और देश का गौरव बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा।'

# परमानंद भाई पटेल अंडर 22 इंटर डिवीज़नल क्रिकेट टूर्नामेंट: पहली पारी की बढ़त से इंदौर फाइनल में

**फ़ाइनल मुकाबला इंदौर विरुद्ध सागर 25 मार्च से जबलपुर में**

**स्पोर्ट्स एज भोपाल।**

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन एवं जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित परमानंद भाई पटेल अंडर 22 इंटर डिवीज़नल क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच ड्रॉ रहा, मगर इंदौर संभाग ने पहली पारी में मिली बढ़त (68) के आधार पर नर्मदापुरम संभाग को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

**नर्मदापुरम संभाग पहली पारी 356 रन, इंदौर संभाग 424 रन**




चौथे और अंतिम दिन नर्मदापुरम संभाग ने दूसरी पारी में 10 विकेट पर 157(49) रन बनाए तथा जीत के लिए 90 रनों का लक्ष्य इंदौर संभाग को दिया ।नर्मदापुरम संभाग से माधव शर्मा नाबाद 49, अखिल एन यादव 37, सासवत भदोरिया 25 तथा तनय जैन ने 22 रनों की पारी खेली।

इंदौर संभाग से दीपक भूरिया ने 04, माधव तिवारी 03, आर्यन चंदेल 02 तथा आयाम वर्मा ने एक विकेट लिया।

इंदौर संभाग ने दूसरी पारी में चायकाल पर दो विकेट पर 40 रन बनाए तथा मैच ड्रॉ रहा।

लारब अली 20 रन बनाकर नाबाद रहें।

नर्मदापुरम संभाग से हर्षित पारसी ने 02 विकेट लिए।

मैन ऑफ द मैच दीपक भूरिया (163 रन और 04+02 विकेट) को आब्जर्वर अनिल जोशी, सलीम खान तथा चयनकर्ता सत्यम चौधरी द्वारा प्रदान किया गया। मैच के अम्पायर रोहन श्रीवास्तव, सचिन पाराशर तथा स्कोरर प्रखर जैन (जबलपुर) रहे।

संचालन श्री पवन सिंधिया जी द्वारा किया गया, श्री धर्मेश भाई पटेल, विष्णु पटेल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

**प्रतियोगिता का फाइनल मैच**

इंदौर संभाग विरूद्ध सागर सम्भाग के मध्य दिनांक -25 से 28 मार्च तक एम पी सी ए स्टेडियम नीमखेड़ा में प्रात: 9:30 बजे से खेला जाएगा।

**तृतीय नेशनल ओपन थ्रो प्रतियोगिता**

# मप्र अकादमी के हिमांशु ने 67.02 मीटर भाला फेंक जीता कांस्य




**स्पोर्ट्स एज भोपाल।**

तीसरी नेशनल ओपन थ्रो प्रतियोगिता में मप्र अकादमी के एथलीट हिमांशु मिश्रा ने 67.02 मीटर भाला फेंककर काँस्य पदक जीता । पटियाला में आयोजित इस प्रतियोगिता में उप्र के दिपांशु शर्मा ने 71.21 मीटर थ्रो करते हुए स्वर्ण पदक जीता। रजत भी उप्र के ही नाम रहा। उप्र के रोहन यादव ने 69 मीटर थ्रो करते हुए रजत पदक जीता। हिमांशु मप्र राज्य एथलेटिक्स अकादमी टी टी नगर स्टेडियम के प्लेयर हैं और वहीं पर अभ्यास करते हैं।

**स्व. प्रमोद पटेल काका स्मृति अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट**

# जोंटी ने खेली 122 रन की पारी एलबीएस ने जीता खिताब




**स्पोर्ट्स एज**

सीहोर मे खेले जा रहे स्व. प्रमोद पटेल काका स्मृति अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट जोंटी के शतक की मदद से एलबीएस ने अकीरा क्लब को 118 रनों से हराकर स्व. प्रमोद पटेल काका स्मृति अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट जीत लिया। सीहोर में खेले गए इस फाइनल में शुक्रवार को एलबीएस ने 40 ओवर में 7 विकेट पर 311 रन बनाए। इसमें जोन्टी ने 15 चौके और चार छक्कों की मदद से मात्र 76 गेंदों पर 122 प्रतीक शुक्ला रन की विस्फोटक पारी खेली। कप्तान अरनव बुग्गा ने 40, अरशु चतुर्वेदी 30, मयंक 28 रन और गट्टानी ने 45 रन बनाए। नीरज ने दो विकेट लिए। हर्षित, सिद्धांत, तेजस पटेल, अर्जुन शुक्ला को एक-एक विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अकीरा की टीम की 193 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। प्रतीक शुक्ला ने 84 गेंद पर 64 रन, कुणाल ने 52 रन, अर्जुन शुक्ला ने 42 रन बनाए। दीवान इसरानी ने दो विकेट लिए। जोंटी मैन आफ द मैच, अरनव बुग्गा बल्लेबाज, प्रतीक शुक्ला गेंदबाज, युरेश भारती विकेटकीपर और प्रतीक शुक्ला प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए।

# वैभव चांदेकर स्मृति टी-20 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट: साईबर मुख्यालय और घराना इलेवन ने जीते अपने-अपने मैच

**स्पोर्ट्स एज भोपाल**

साइबर मुख्यालय ने आयशर भोपाल को 20 रनों से तथा घराना इलेवन ने वेदांत सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराकर वैभव चांदेकर स्मृति टी-20 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में आसान जीत दर्ज की है। नेहरूनगर पुलिस ग्राउंड पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में पहले मैच में वेदांत सुपर किंग 17.4 ओवर में 141 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इसमें जय देवनानी ने 54 एवं आयुष ने 34 रनों की पारी खेली। घराना-11 की ओर से अमय ने 4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी घराना 11 की टीम ने 17.4




ओवर में 5 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। घराना इलेवन की ओर से लविन ने 86 रनों की पारी खेली। वही वेदांत सुपर किंग्स की ओर से सौरभ राजपूत ने दो विकेट झटके। लविन मंडलोई प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। इसी तरह दूसरे मैच में साइबर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 132 रन बनाए। इसमें मंजीत ठाकुर ने 32 रनों की पारी खेली। आयशर की तरफ से मुकेश कन्नौजिया ने 4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयशर की टीम 19.2 ओवर में 112 रन बनाकर ऑलआउट होगई। मुकेश कन्नौजिया ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। सायबर की तरफ से राम दुबे ने 3 विकेट झटके। मंजीत ठाकुर को दोहरे प्रर्दशन पर मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारत और अफगानिस्तान ने गोलरहित ड्रॉ खेला

**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान ने फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर में ग्रुप ए में गोलरहित ड्रॉ खेला और दोनों टीमें गोल करने का एक भी मौका भुना नहीं सकी। गुरुवार को देर रात खेले गए मुकाबले में भारत पहले हाफ में गोल करने के करीब पहुंचा जब मनवीर सिंह ने दो मौके बनाये लेकिन गोल नहीं हो सका। इस मैच के बाद भारत ग्रुप ए में तीन मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है जबकि कुवैत के तीन अंक है जिसे कतर ने 3





. 0 से हराया।

अफगानिस्तान ग्रुप में चौथे स्थान पर है। डामाक स्टेडियम पर दोनों टीमों ने शुरूआत में काफी आक्रामक खेल दिखाया। अफगानिस्तान ने अपनी रफ्तार और कद काठी के दम पर दबदबा बनाने की कोशिश की तो भारतीयों की पासिंग अच्छी थी। जनवरी में सीनियर टीम में पदार्पण करने वाले विक्रम प्रताप सिंह पहली बार अंतिम एकादश में उतरे और अफगान डिफेंस में सेंध मारने की बारंबार कोशिश की। भारत ने पहले ही मिनट से आक्रामक खेल दिखाया और 17वें मिनट में मनवीर अगर गोल कर देते तो भारत को 2026 विश्व कप और 2027 एएफसी एशियाई कप प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन मैच में दूसरे दौर के बाहरी मुकाबले में बढत मिल जाती।

# सरफराज खान के घर पहुंची एसयूवी थार आनंद महिंद्रा ने निभाया अपना वादा

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई टेस्ट सीरीज में धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले सरफराज खान को उनकी मेहनत का इनाम मिला है। भारतीय ऑटोमोबाइल कंपनी महिंद्रा के मालिक आनंद महिंद्रा ने सरफराज से जो वादा किया था, वो शुक्रवार को पूरा कर दिया।

## पंजाब-दिल्ली के मुकाबले में ऋषभ पंत पर रहेंगी निगाहें

# 15 माह बाद मैदान पर कर रहे वापसी

**चंडीगढ़। आईपीएल-17 का यह मुकाबला पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने जा रहा है, लेकिन मैदान और इसके बाहर सारी निगाहें ऋषभ पंत पर होंगी। हो भी क्यों नहीं, दिसंबर, 2022 में सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद यह विकेटकीपर-बल्लेबाज पहली बार किसी पेशेवर मैच में उतरने जा रहा है। दर्द से भरे 15 माह के पुनर्वास के बाद वापसी कर रहे ऋषभ के मुंह से मैच से पहले यही शब्द निकले, घबराहट, उत्साह सभी कुछ है। साथ में खुशी भी है कि वह पेशेवर क्रिकेट में वापसी करने में सफल होने जा रहे हैं। पंत कहते हैं कि वह शनिवार को होने वाला मुकाबला खेलने को पूरी तरह तैयार हैं।**



ऋषभ जानते हैं कि उन्हें पुराने लय में आने के लिए कुछ समय लगेगा, इसी लिए वह पूरे सत्र के बारे में सोचने के बजाय एक बार में एक दिन को अपने सामने रखना चाहते हैं। यही कारण है कि उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के नेट्स पर बल्लेबाजी के लिए पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा समय बिताया है। पंत कहते हैं कि जब भी वह मैदान पर उतरते हैं तो यह अलग अहसास होता है। वह ज्यादा से ज्यादा बल्लेबाजी करना चाहते हैं, जिससे प्रत्येक दिन वह अपने अंदर बेहतर महसूस कर सकें। हालांकि वह ज्यादा नहीं सोच रहे हैं और अपना सौ प्रतिशत देने की कोशिश करेंगे। पंत बतौर कप्तान वापसी कर रहे हैं। कप्तान के तौर पर वह टीम के दृष्टिकोण को सामान्य रखना चाहते हैं। पंत कहते हैं कि हमारी बातचीत काफी सामान्य है। मैदान पर आनंद लो और चीजों को ज्यादा चटिल नहीं होने दो।

शनिवार को जब दोनों टीमें मैदान पर उतरेंगी तो पिछले सत्र के खराब प्रदर्शन को भुलाना चाहेंगी। बीते सत्र में दिल्ली डेविड वॉर्नर की कप्तानी में नौवें स्थान पर और पंजाब आठवें स्थान पर रहा था। दिल्ली के कोच रिकी पोटिंग पंत के बारे में कहते हैं कि उन्होंने बीते आईपीएल के मुकाबले इस बार लंबी बल्लेबाजी कर तैयारी की है। वह अपने शरीर से फिर थोड़ा विश्वास पाना चाहते हैं। यह मुकाबले मुल्लांपुर में बने नए बने महाराजा यादविंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पंत शनिवार के मुकाबले में विकेटकीपिंग करेंगे या नहीं। अगर वह पंजाब के खिलाफ विकेटकीपिंग नहीं करते हैं तो यह जिम्मेदारी शाई होप या फिर दक्षिण अफ्रीकी ट्रिस्टन स्टब्स निभा सकते हैं। दिल्ली की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही मजबूत हैं। टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके डेविड वॉर्नर आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर विश्वकप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टी-20 टीम में अपनी जगह बनाने की कोशिश करेंगे। उनके अलावा पृथ्वी शॉ, मिचेल मार्श, पंत, स्टब्स है, जबकि गेंदबाजी में एनरिक नोर्जे के साथ वेटरन इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल शामिल हैं।

## कोलकाता-हैदराबाद की टक्कर में श्रेयस पर रहेगा फोकस, ऑस्ट्रेलिया के दो तेज गेंदबाज होंगे आमने-सामने

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शनिवार को होने वाले मुकाबले में आईपीएल के दो सबसे महंगे खिलाड़ियों ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस के अलावा चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन पर भी फोकस रहेगा। पीठ की चोट के कारण पिछले साल पूरे सत्र से बाहर रहे श्रेयस केकेआर की कमान संभालेंगे। उन्होंने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए 95 रन बनाए लेकिन फिटनेस को देखते हुए यह तय नहीं है कि वह सारे मैच खेल सकेंगे या नहीं। केकेआर के सबसे कामयाब कप्तान गौतम गंभीर अब मेंटर के रूप में दूसरी पारी में लौटे हैं। घरेलू सर्किट पर कुशल रणनीतिकार मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित के साथ उनकी साझेदारी दिलचस्प होगी। टीम के मालिक शाहरुख खान ने गंभीर से कहा है ,' यह तुम्हारी टीम है। बनाओ या बिगाड़ो।' गंभीर की कप्तानी में केकेआर ने 2011 से 2017 के बाद दो आईपीएल खिताब जीते , पांच प्लेआफ खेले और एक बार अब बंद हो चुकी चैंपियंस लीग में उपविजेता रही। केकेआर ने स्टार्क को 24 करोड़ 75 लाख रुपये में खरीदा है और बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज पर अच्छे प्रदर्शन का काफी दबाव होगा। पावरप्ले और डेथ ओवरों में उनके स्पैल निर्णायक साबित हो सकते हैं। केकेआर के पास स्टार्क और आंद्रे रसेल जैसे दो अनुभवी तेज गेंदबाज हैं और उनकी जगह लेने के लिए उनके जैसा कोई विकल्प नहीं है लिहाजा कार्यभार प्रबंधन में सावधानी बरतनी होगी। केकेआर के पास बल्लेबाजी में अय्यर के अलावा रिंकू सिंह, रसेल, रहमानुल्लाह गुरबाज, फिल साल्ट और वेंकटेश अय्यर हैं। स्पिन गेंदबाजी में सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और सुयश शर्मा पर जिम्मेदारी होगी। सनराइजर्स की कमान ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान कमिंस के हाथ में होगी जिन्हें 20 करोड़ 50 लाख रुपये में खरीदा गया है। वह आईपीएल के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी हैं और पिछले तीन सत्र में आखिरी स्थान पर रही सनराइजर्स की तकदीर बदलने की जिम्मेदारी उन पर होगी। सनराइजर्स की कमान ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान कमिंस के हाथ में होगी जिन्हें 20 करोड़ 50 लाख रुपये में खरीदा गया है।

# वो पूरा सीजन खेलेगा, धोनी के कप्तानी छोड़ने पर आया सीएसके के कोच का बयान

**नई दिल्ली। आईपीएल 2024 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी में बड़ा बदलाव हुआ है। महेंद्र सिंह धोनी ने आगामी सीजन की शुरूआत से पहले कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है। उनकी जगह ऋतुराज गायकवाड़ को टीम के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टीम मैनेजमेंट के इस फैसले ने सीएसके के फैंस का दिल तोड़ दिया है। इस बीच टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि उनको उम्मीद है कि धोनी पूरा सीजन खेलेंगे।**



आईपीएल के 17वें सीजन का आगाज चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के बीच मैच से होगा। यह मुकाबला चेन्नई के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। सीएसके और आरसीबी के बीच इस मैदान पर अब तक आठ मुकाबले खेले गए हैं। इनमें गत विजेता टीम ने सात मैचों में जीत दर्ज की है जबकि आरसीबी को सिर्फ एक मुकाबले में जीत मिली है। ऐसे में आगामी मैच में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। इससे पहले सीएसके की कप्तानी में बड़ा बदलाव हुआ है।

सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने धोनी के कप्तानी से इस्तीफे को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया पूर्व कप्तान की फिटनेस पिछले सीजन की तुलना में बेहतर है। कोच ने कहा, उम्मीद है कि एमएस धोनी पूरा सीजन खेलेंगे। उनका शरीर पिछले सीजन से बेहतर है। मैं एमएस के खेलने की उम्मीद कर रहा हूं और अच्छा खेलने की। प्री-सीजन में उनको देखकर ऐसा लग रहा है कि वह अच्छा कर रहे हैं। मैं देख सकता हूं कि उनके घुटने और फॉर्म को देखते हुए पिछले सीजन की तुलना में उनका शरीर बेहतर है। उनके योगदान देने की इच्छा हमेशा की तरह ऊंची है और ये हमारे लिए काफी अच्छा संकेत है।

चेन्नई की कप्तानी से इस्तीफे के बाद मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर धोनी और अपनी एक पुरानी तस्वीर साझा की। यह तस्वीर उस वक्त की है जब दोनों कप्तान हुआ करते थे। बता दें कि, मुंबई को पांच बार खिताब जिताने वाले रोहित शर्मा इस सीजन में टीम का नेतृत्व करते नजर नहीं आएंगे। उनकी जगह स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या टीम की अगुवाई करते दिखेंगे। टीम मैनेजमेंट ने गुजरात टाइटंस के पूर्व कप्तान को नीलामी के दौरान ट्रेड किया था।

सीएसके को पांच बार आईपीएल का खिताब जिताने वाले महेंद्र सिंह धोनी आगामी सीजन में टीम की अगुवाई करते नजर नहीं आएंगे। यह पहली बार नहीं है कि धोनी ने इस जिम्मेदारी से किनारा किया है। इससे पहले आईपीएल 2022 में भी टीम मैनेजमेंट ने कप्तानी में बदलाव किया था।

# कभी तो आना था नया कप्तान

### अश्विन ने सीएसके की कप्तानी में हुए बदलाव पर दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली। अनुभवी ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन का कहना है कि ऋतुराज गायकवाड़ को आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कप्तानी की जिम्मेदारी देने में जल्दबाजी नही की गई क्योंकि महेंद्र सिंह धोनी का काम करने का तरीका जिस तरह का है, उन्होंने इस सलामी बल्लेबाज से लंबे समय पहले ही इस भूमिका के बारे में बात कर ली होगी।**



आईपीएल के 2024 सत्र के शुरू होने से एक दिन पहले सीएसके ने धोनी द्वारा कप्तानी की जिम्मेदारी गायकवाड़ को सौंपने की घोषणा की। सीएसके ने 2022 चरण में भी कप्तानी की जिम्मेदारी बदलने की मुहिम में रविंद्र जडेजा को कप्तान बनाया था लेकिन आठ मैच के बाद ही इस ऑलराउंडर ने धोनी को कप्तानी की जिम्मेदारी वापस लौटा दी।

अश्विन ने कहा कि यह फैसला बिल्कुल भी हैरान करने वाला नहीं था। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'यह तो होना ही था, किसी न किसी चरण पर ऐसा होता। मैं एमएस धोनी को जानता हूं, उनके लिए टीम सबसे अहम है और वह हमेशा टीम की बेहतरी के बारे में ही सोचते रहते हैं। इसकी वजह से दो साल पहले उन्होंने कप्तानी की जिम्मेदारी जडेजा को सौंपी और अब यह ऋतुराज को दी है। यह फैसला तो करना ही था लेकिन सवाल था कि वह कौन होगा और यह किस तरह होगा।'

इस अनुभवी क्रिकेटर का मानना है कि यह अंतिम समय में लिया हुआ फैसला नहीं हो सकता था। उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है कि ऋतुराज को कल ही पता चला हो कि वह बस बतौर बल्लेबाज खेलेंगे। मेरा मानना है कि धोनी ने पिछले साल ही ऋतुराज को बताया होगा कि तुम्हें जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। मैं तुम्हारे साथ रहूंगा इसलिए तुम्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है।'

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक योगेन्द्र व्यास द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, जोन-1 से मुद्रित, एच 71, शाहंशाह गार्डन भोपाल से प्रकाशित RNI No.: MPHIN/2022/82878
( समस्त दीवानी विवादों, न्यायिक/दाण्डिक परिवादों का क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय रहेगा। ) मो. नं. 9303044337/9669353300